Regarding need to install rooftop solar panels under Pradhan Mantri Suryoday Yojana in Maharajganj Parliamentary Constituency-laid

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (**महाराजगंज**)**:** माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा ?प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना? जैसी प्रमुख और कल्याणकारी योजना को प्रारंभ करने की घोषणा की गई है । इस योजना के तहत एक करोड़ लोगों के घरों पर ?रूफटॉप सोलर पैनल? लगाया जाएगा । घरों पर सोलर पैनल लगाने से कम खर्चे में लोगों को ऊर्जा उपलब्ध होगी । ऊर्जा के क्षेत्र में देश आत्मनिर्भर बनेगा । अतः मेरा आग्रह है कि भारत सरकार के ऊर्जा मंत्री हमारे संसदीय लोकसभा क्षेत्र महाराजगंज बिहार की जनता के घरों पर भी ?प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना? के शुभारंभ के समय अधिक से अधिक रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित करेंगे ।